# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 1 सितम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 218 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# इंदौर : गैंगस्टर सलमान लाला की तालाब में डूबकर मौत

इंदौर। इंदौर का कुख्यात गैंगस्टर सलमान लाला रविवार को तालाब में डूबने से मौत का शिकार हो गया। पुलिस और क्राइम ब्रांच की कार्रवाई से बचने की कोशिश में उसने तालाब में छलांग लगा दी थी।

### घटनाक्रम

सलमान लाला अपने भाई सिद्धू उर्फ शादाब को लेने सागर जेल गया था।

इंदौर लौटते वक्त इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे घेरने की कोशिश की।

इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला करने की कोशिश की।

मौके पर क्राइम ब्रांच ने सिद्धू (शादाब), अरुण मालवीय, सौरभ और कुलदीप को गिरफ्तार किया।

इनके पास से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

सलमान लाला का तालाब में छलांग लगाना



गिरफ्तारी से बचने के लिए सलमान लाला भागते-भागते एक तालाब में कूद गया।

संभवतः उसे लगा कि तालाब छोटा और उथला है, लेकिन तालाब गहरा निकला।

लगातार पीछा कर रही पुलिस टीम मौके पर मौजूद थी, परंतु गहराई में डूबने के कारण सलमान बाहर नहीं निकल पाया।

बाद में एसडीआरएफ टीम की मदद से शव तालाब से बरामद किया गया।

आपराधिक पृष्ठभूमि

सलमान लाला पर 32 से अधिक संगीन केस दर्ज थे।

इनमें एनडीपीएस एक्ट, हत्या के प्रयास और अवैध हथियारों से जुड़े केस शामिल थे।

वह लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था और हाल ही में जमानत पर बाहर आया था।

### नतीजा

गैंगस्टर सलमान लाला की मौत ने इंदौर के अपराध जगत में सनसनी फैला दी है। पुलिस के मुताबिक यह घटना अपराध की दुनिया से जुड़े लोगों के लिए कड़ा संदेश है कि अपराध का अंत हमेशा दुखद ही होता है।

# रतलाम में जीतू पटवारी के वाहन पर पथराव, गाड़ी के कांच फूटे, लेकिन सुरक्षित



रतलाम। जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पहले जीतू पटवारी द्वारा धाकड़ समाज को लेकर एक बयान दिया गया था। इसको लेकर समाज के लोग उनका विरोध करने के लिए पहुंचे थे। कुछ लोग हाथ में काले झंडे लिए खड़े थे। इसी दौरान पथराव शुरू हो गया और ड्राइवर वहां से तेजी से कार को निकालकर ले गया। कोई गंभीर चोट की खबर नहीं है, लेकिन घटना ने राजनीतिक तनाव बढ़ा दिया है। पटवारी ने कहा था कि "धाकड़ हाईवे कांड सुना था उसके बाद एक और उससे बड़ा कांड मंदसौर BJP नेता ने किया है उसका वीडियो फोटो जल्दी मिलेगा।" इस बयान को धाकड़ समाज ने अपमानजनक माना, क्योंकि यह उनके समुदाय को बदनाम करने वाला लगा। समाज के सदस्यों ने इसे "समाज विरोधी" बताते हुए विरोध की घोषणा की।

# मोदी के 'मन की बात'; प्राकृतिक आपदाओं पर बोले- जिसने प्रियजन खोए, उनकी पीड़ा, हम सबका दर्द

वार्ड क्रमांक 19 बूथ क्रमांक 83 मे शिवपुरी मे लर्नर्स अकैडमी द्वारा प्रधानमंत्री मन की बात का कार्यक्रम रखा गया जिसमें लर्नर्स अकैडमी शिवपुरी पर माननीय विधायक देवेंद्र जैन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा उपाध्यक्ष ऋतिक गर्ग अकादमी के संचालक अंशुल जैन की उपस्थिति और वही सभी अतिथियों का स्वागत बंधन किया गया और वही इस कार्यक्रम की शुरुआत तीन अक्तूबर 2014 को हुई थी। इसे 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है, जिसमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए रविवार (31 अगस्त) को लोगों से बात की। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। उन्होंने बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है। हर पीड़ित का दर्द, हम सभी का दर्द है। हर कोई पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव मदद कर रहा है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द' उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमने बाढ़ और भू-स्खलन का बड़ा कहर देखा है। कहीं घर उजड़ गए, कहीं खेत डूब गए,



परिवार के परिवार उजड़ गए, पानी के तेज बहाव में कहीं पुल बह गए, सड़कें बह गईं, लोगों का जीवन संकट में फंस गया। इन घटनाओं ने हर हिंदुस्तानी को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द है। जहां भी संकट आया, वहां के लोगों को बचाने के लिए हमारे एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवान, अन्य सुरक्षा बल हर कोई दिन-रात जुटे रहे। जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया है। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, खोजी कुत्ते और ड्रोन से निगरानी, ऐसे अनेक आधुनिक संसाधनों के सहारे राहत कार्य में तेजी लाने की भरपूर कोशिश की गई। उन्होंने आगे कहा, 'हेलीकॉप्टर से राहत सामग्री पहुंचाई गई, घायलों को एयरलिफ्ट किया गया। आपदा की घड़ी में सेना मददगार बनकर सामने आई। स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर, प्रशासन, संकट की इस घड़ी में सभी ने हर संभव प्रयास किया। मैं ऐसे हर नागरिक को हृदय से धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस कठिन समय में मानवीयता को सबसे ऊपर रखा हुआ है पीएम मोदी ने कहा, 'बाढ़ और बारिश की इस तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया, लेकिन जब आप उन उपलब्धियों के बारे में जानेंगे तो आपको बहुत खुशी होगी। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के एक स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोग इकट्ठा हुए। यहां पुलवामा का पहला डे-नाइट क्रिकेट मैच खेला गया। पहले ये होना असंभव था, लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। ये मैच 'रॉयल प्रीमियर लीग' का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग टीमें खेल रही हैं। इतने सारे लोग, खासकर युवा, पुलवामा में रात के समय, हजारों की तादाद में क्रिकेट का आनंद लेते हुए ये नजारा वाकई देखने लायक था।' उन्होंने कहा, 'देश में पहला 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल' और वो भी श्रीनगर की डल झील पर हुआ। सचमुच, ऐसा उत्सव आयोजित करने के लिए ये कितनी खास जगह है। इसका उद्देश्य है जम्मू-कश्मीर में वाटर स्पोर्ट्स को और लोकप्रिय बनाना। इसमें पूरे भारत से 800 से अधिक एथेलीट्स ने हिस्सा लिया। महिला एथेलीट्स भी पीछे नहीं रही उनकी भागीदारी भी लगभग पुरुषों के बराबर थी। मैं उन सभी खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने इसमें भाग लिया। विशेष बधाई मध्य प्रदेश को, जिसने सबसे ज्यादा मेडल जीते, उसके बाद हरियाणा और ओडिशा का स्थान रहा। जम्मू-कश्मीर की सरकार और वहां की जनता की आत्मीयता और मेहमान नवाजी की मैं भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं। इस दौरान पीएम मोदी ने श्रीनगर की डल झील पर हुए 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल' में हिस्सा लेने वाले दो खिलाड़ियों ओडिशा की रश्मिता साहू और श्रीनगर के मोहसिन अली के साथ बातचीत की।'

# आज से रात 10 बजे तक खुलेंगी सोना-चांदी की दुकानें, उसके बाद खान-पान की दुकानें

**व्यापारी संगठनों ने इसे अपना व्यापार बढ़ाने का निर्णय बताया**

**इंदौर।** अब देर रात तक राजवाड़ा क्षेत्र के बाजार में चहल-पहल रहेगी। सराफा व्यापारियों ने अन्य बाजारों के साथ सराफा भी रात 10 बजे तक खुला रखने की घोषणा की। एक सितंबर से इस पर अमल होगा। राजवाड़ा क्षेत्र के व्यापारियों ने इस मुद्दे पर चर्चा के बाद अपने सदस्य व्यापारियों के लिए सूचना जारी कर दी है। व्यापारी एसोसिएशनों द्वारा जारी किए गए सर्कुलर में त्योहार और क्षेत्र के व्यापार को बढ़ाने को निर्णय का कारण बताया गया है। हालांकि असल कारण फुटपाथ व दुकानों के सामने कब्जे रोकना माना जा रहा है।

सराफा में लग रही चाट-चौपाटी के खिलाफ चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन ने असहयोग आंदोलन छेड़ रखा है। ओटलों पर किराएदारी बंद करने के बाद सराफा बाजार में दुकानें रात 10 बजे तक खोलने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार को इंदौर रिटेल रेडीमेड गारमेंट व्यापारी एसोसिएशन ने बैठक के बाद इस पर सहमति जताई है। एसोसिएशन के सदस्य 600 गारमेंट कारोबारियों के साथ अन्य 300 दुकानदार भी देर रात तक दुकानें खुली रखने के लिए तैयार हो गए हैं।



### व्यापारी कैविएट दायर करेंगे

सराफा चाट चौपाटी के खिलाफ मुहिम चला रहे चांदी-सोना व्यापारी कानूनी तौर पर भी अपना पक्ष मजबूत करने में लगे हैं। बताया जा रहा है कि व्यापारियों पर कदम पीछे खींचने और दुकानें नौ बजे तक बंद करवाने के लिए राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। इस बीच व्यापारी गुमाशता कानून का हवाला देकर कह रहे हैं कि उन्हें रात 11 बजे तक दुकानें खुली रखने की छूट है, ऐसे में कोई भी जल्द बंद करने का दबाव नहीं बना सकता। चौपाटी वालों के अदालत जाने या ऐसी किसी अन्य याचिका पर एक पक्षीय आदेश से सुरक्षा के लिए सराफा व्यापारियों ने हाई कोर्ट में कैविएट दाखिल करने की तैयारी भी कर ली है।

### कृष्णपुरा के व्यापारी भी पक्ष में

कृष्णपुरा व्यापारी एसोसिएशन ने इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के साथ समन्वय कर साझा निर्णय लिया है कि आगामी दिनों में त्योहारों का सीजन रहेगा। ऐसे में वो भी रात 10 बजे तक दुकानें खुली रखेंगे। इस दौरान राजवाड़ा-कृष्णपुरा तक क्षेत्र को पूरी तरह व्यवधान मुक्त रखने, यातायात प्रबंधन, महिला सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी और नगर निगम के अतिक्रमण व्यवस्था को चाक-चौबंद पुख्ता प्रबंधन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को व्यापारी पत्र भी लिखेंगे।

### दुकानदारों को तैयारी करना है

अक्षय जैन, अध्यक्ष, इंदौर रिटेल रेडीमेड गारमेंट व्यापारी एसोसिएशन ने कहा कि त्योहार का सीजन आ गया। ऐसे में दुकानदारों को त्योहारी सीजन के लिए तैयारी करनी है। हमारा लक्ष्य है कि आम नौकरीपेशा लोग काम से फ्री होकर रात को बाजार में खरीदारी के लिए आ सकें। इसके लिए हम अभी से प्रचार अभियान चलाएंगे।

### रात 10 बजे तक बाजार खुला

विजेंद्र सिंह चौहान, अध्यक्ष, कृष्णपुरा व्यापारी एसोसिएशन ने कहा कि रात 10 बजे तक दुकानें खुली रखने के निर्णय में हमारी एसोसिएशन साथ है। राजवाड़ा के साथ कृष्णपुरा के सभी रेडीमेड गारमेंट्स संस्थान एक सितंबर से रात 10 बजे तक सेवाएं देंगे।

# आरटीओ की धार और पीथमपुर में कार्रवाई मारुति और होंडा टू-व्हीलर के शोरूम सील

**इंदौर।** आरटीओ ने पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र और धार शहर में वाहन डीलर्स पर बड़ी कार्रवाई की। आरटीओ ह्रदेश यादव ने शनिवार को नियम विरुद्ध संचालित हो रहे दो प्रमुख शोरूम धार के मारुति डीलर रुक्मणी मोटर्स और पीथमपुर के होंडा टू-व्हीलर डीलर राधा होंडा पर छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान दोनों शोरूम को आगामी आदेश तक सील कर दिया गया।

परिवहन विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि ये शोरूम बिना आवश्यक ट्रेड सर्टिफिकेट और नियम के अनुसार दस्तावेजों के वाहन विक्रय कर रहे हैं। जांच में आरोप सही पाए जाने पर यह कठोर कदम उठाया गया। आरटीओ ने बताया कि यह गंभीर अनियमितता है और नियमों के खिलाफ वाहन विक्रय किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




**दोनों शोरूम को सील किया** - आरटीओ ने धार में कार्रवाई के दौरान दो अन्य डीलर्स के यहां भी अनियमितताएं पाई, जिन पर नोटिस जारी किया गया। उन्होंने साफ कहा कि यदि इन डीलर्स ने निर्धारित समय पर जवाब नहीं दिया और व्यापार प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया, तो उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ कार्यालय द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना व्यापार प्रमाण पत्र के वाहन बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। नियमों का पालन किए बिना शोरूम संचालन अब सीधे तौर पर दंडात्मक कार्रवाई का कारण बनेगा।

**वाहन डीलर्स में मचा हड़कंप-** ह्रदेश यादव ने कहा कि जिले में व्यापारिक नियमों का पालन किए बिना वाहन विक्रय करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। भविष्य में यदि किसी भी डीलर द्वारा इस तरह की लापरवाही की जाती है, तो विभाग बिना किसी चेतावनी के सख्त कार्रवाई करेगा। इस कार्रवाई से वाहन डीलर्स में हड़कंप मच गया है और विभाग ने यह भी संकेत दिए हैं कि आगामी दिनों में और भी सख्त चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

### चल समारोह से पहले ढहाए जर्जर मकान

**इंदौर।** नगर निगम ने शनिवार को झांकी मार्ग के जेल रोड क्षेत्र में स्थित लगभग 100 साल पुराने जर्जर मकानों को सुरक्षा की दृष्टि से ढहा दिया। निगम अधिकारियों ने बताया कि ये मकान काफी पुराने और जर्जर हालत में थे,जिससे चल समारोह के दौरान हादसे की आशंका बनी हुई थी। इस कारण त्वरित कार्रवाई करते हुए इन्हें गिराया गया। निगम टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में मकानों को सुरक्षित तरीके से ढहाया गया।

# फरार पति अनवर से मिलने नेपाल गई थी पत्नी, उसने उसे 75 हजार रुपए दिए

**पुलिस उन रास्तों का वेरिफिकेशन करेगी, जिनसे कादरी नेपाल गया**

**इंदौर।** लव जिहाद के लिए फंडिंग करने के आरोपी कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी ने नेपाल में फरारी काटी। उसकी पत्नी फरहाना उससे वहां मिलने गई थी। फरारी काटने के लिए अनवर ने पत्नी से 75 हजार रुपए लिए। फिर खर्च चलाने के लिए उसकी सोने की चेन तक बेच दी। इसके बाद पुलिस के डर से पत्नी को वापस इंदौर भेज दिया। अनवर ने यह खुलासा पुलिस पूछताछ में किया। तीन माह फरार रहने के बाद शुक्रवार को अनवर कादरी जिला कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा था, पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। इस दौरान उसने अपनी दाढ़ी-मूंछ कटवाई हुई थी। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वह नेपाल कैसे गया, कहां-कहां रुका और क्यों उसने अपना हुलिया बदल लिया। इसके अलावा, पुलिस ने यह भी पता लगाया कि वह कैसे कोर्ट तक पहुंचा। पुलिस अब उन रास्तों की भी वेरिफिकेशन करेगी, जिनसे कादरी नेपाल गया था। आज पुलिस उससे कई अहम सवालों पर पूछताछ करेगी। उसे 3 सितंबर तक रिमांड पर दिया गया है। लव जिहाद फंडिंग मामले में जैसे ही अनवर कादरी पर एफआईआर हुई, वह इंदौर से फरार हो गया था। उस पर 40,000 रुपए का इनाम घोषित था।

**एफआईआर का पता चलते ही फरार -** एसीपी रुबीना मिजवानी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि कादरी पहले बस से भोपाल गया, वहां से नागपुर, फिर हैदराबाद और चेन्नई तक पहुंचा। किसी ने उसे दक्षिणी राज्यों में जाने की सलाह दी, क्योंकि वहां कांग्रेस की सरकार थी और पुलिस की दिक्कत कम होगी। पुलिस लगातार उसकी तलाश में लगी रही और परिवार के नंबर से भी उसे कॉल करती रही। इसके बाद उसने मोबाइल बंद कर दिया और चेन्नई से केरल के एर्नाकुलम होते हुए ट्रेन से सिक्किम के सिलीगुड़ी पहुंचा। वहां से दार्जिलिंग गया और कुछ दिन रुकने के बाद वापस सिलीगुड़ी आया। उसे पता चला कि नेपाल पास में है और वहां पुलिस उसे नहीं पकड़ पाएगी, इसलिए वह सिलिगुड़ी से नेपाल भाग गया।

### पत्नी को वापस भेजा, चेन बेची

पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि अनवर कादरी की पत्नी फरहाना उससे मिलने नेपाल गई थी। उसके पास परिवार के लोगों के कॉल आते थे और कादरी को डर था कि वह पकड़ा जाएगा। इसलिए उसने पत्नी को वापस भेज दिया। पुलिस को यह जानकारी भी मिली कि दो दिन पहले तक कादरी नेपाल में था। वहां से वह टैक्सी और ट्रेन के रास्ते महाराष्ट्र के औरंगाबाद, भुसावल, बुरहानपुर होते हुए इंदौर पहुंचा।

**करता था इंटरनेट कॉल-** पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अनवर कादरी को डर था कि पुलिस उसके मोबाइल से उसे ट्रैक कर सकती है, इसलिए उसने नेपाल में अपना मोबाइल फेंक दिया। किसी से बात करने के लिए वह किसी और का मोबाइल लेकर इंटरनेट या वॉट्सऐप कॉल करता था, ताकि पुलिस को पता न चले। नेपाल में अधिकतर टूरिस्ट आते हैं, इसलिए उसने अपना हुलिया भी बदल लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# परिवार के समझाने से नहीं रुकी श्रद्धा, करण के साथ ही चली गई

**मिन्नतों से नहीं पिघली, कहा 'बचाई जान, उसके साथ रहूंगी'**

**इंदौर।** घर से गायब होने के छह दिन बाद वापस लौटी श्रद्धा तिवारी (आयुषी) शादी करके शुक्रवार को इंदौर लौटी थी। 22 साल की श्रद्धा अपने पति करण के साथ ही वापस चली गई। पिता ने थाने में कई घंटों तक बेटी को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। उसने कहा कि करण ने मेरी जान बचाई, अब मैं उसी के साथ रहूंगी। पुलिस ने युवती के डॉक्यूमेंट चेक कर लिए हैं। बालिग होने और अन्य सभी बातों की जांच पूरी करने के बाद श्रद्धा को करण के साथ थाने से जाने दिया गया। 23 अगस्त को एमआईजी थाना क्षेत्र में रहने वाली श्रद्धा तिवारी घर से चली गई थी। परिवार ने उसके लापता होने की शिकायत थाने में की थी। अलग-अलग जगह के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए, जिसमें वह जाते हुए नजर आई। पुलिस उसकी तलाश कर ही रही थी कि 6 दिन बाद शुक्रवार (29 अगस्त) को श्रद्धा अचानक अपने पति के साथ एमआईजी थाने पहुंच गई।



**नहीं मानी तो जाने दिया-** एमआईजी टीआई सीबी सिंह ने बताया कि शुक्रवार को श्रद्धा के आने के बाद उसके परिवार के लोग भी थाने आ गए थे। यहां पर श्रद्धा के पिता ने थाने में कई घंटों तक बेटी से बातचीत कर उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन श्रद्धा नहीं मानी। उसने करण नामक जिस युवक के साथ शादी की, वह उसके साथ ही जाने की बात कहती रही। काफी देर तक परिवार के लोग समझाते रहे। लेकिन, जब बात नहीं बनी तो श्रद्धा को युवक के साथ जाने दिया गया।

# केरल में पहली बार सियासत के सेंटर पॉइंट बन रहे हिंदू

## वाम सरकार करा रही अयप्पा सम्मेलन, 20 सितंबर से सबरीमाला मंदिर में आयोजन

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। समय कम है, इसलिए राजनीतिक दलों ने अपने 'सियासी मैदान और चुनावी हथियार' तैयार करने शुरू कर दिए हैं। बड़ी बात है कि इन मैदानों के केंद्र में पहली बार 'हिंदू' ज्यादा नजर आ रहे हैं। केरल में वामदल सीपीआई (एम) की सरकार है, जिसे नास्तिक भी माना जाता है। लेकिन, यही दल इस बार भगवान अय्यपा का 'आह्वान' करने जा रही है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने 20 सितंबर से सबरीमाला की तलहटी में बसे पंपा में तीन दिवसीय ग्लोबल अयप्पा संगमम का



आयोजन किया है। इसमें केरल के सभी पंथों के हिंदू संतों, उच्च ब्राह्मणों समेत सभी जाति वर्गों को आमंत्रित किया जा रहा है। भगवान अयप्पा के नाम पर इतना बड़ा आयोजन इसलिए भी चौंका रहा है, क्योंकि निचली जाति के हिंदू और ओबीसी वोट हमेशा से सीपीआईएम को समर्थन देते हैं, लेकिन इस बार वाम दल की कोशिश उच्च जाति के हिंदुओं को साथ लाने की है। राजनीतिक विश्लेषक इसे 2018 के सबरीमाला संकट के बाद वामपंथी दल द्वारा खोए हुए हिंदू वोटों को वापस पाने की कोशिश मान रहे हैं।

### भगवान अयप्पा चुनाव में बहुत अहम

भगवान अयप्पा का न केवल केरल के वोटर्स पर, बल्कि अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों में भी काफी प्रभाव है और सबरीमाला इन्हीं देवता का एकांतवास है। हर साल देश भर के लाखों हिंदू यहां दर्शन को पहुंचते हैं। इसलिए भगवान अयप्पा चुनाव में बहुत अहम हो गए हैं। हालांकि इस सीपीआईएम की इस कोशिश से केरल में मुख्य विपक्षी कांग्रेस नाराज हो गई है। केरल के मंदिर मामलों के विशेषज्ञ टीएस श्यामकुमार का कहना है कि पहली बार सीपीआईएम 'सुधारवादियों' को उकसाए बिना अयप्पा के भक्तों का विश्वास दोबारा जीतना चाहती है। वो अपने अल्पसंख्यक अनुयायियों के समर्थन को खोए बिना अयप्पा पूजा से जुड़ने का प्रयास कर रही है। यानी इस आयोजन के पीछे की मंशा सार्वजनिक है। ऐसे में राज्य की एलडीएफ सरकार के लिए यह जोखिमभरा राजनीतिक कदम भी हो सकता है। पिछले साल तमिलनाडु में डीएमके ने अंतरराष्ट्रीय मुरुगन भक्त सम्मेलन किया था।

# उज्जैन वाली वैदिक घड़ी अब सीएम हाउस के गेट पर भी

- सूर्योदय पर शून्य, सूर्यास्त पर 15 बजेंगे, एप पर 189 भाषाओं में पंचांग देख सकेंगे

भोपाल। मध्यप्रदेश का सीएम हाउस पहला होगा, जहां भारतीय काल गणना पर आधारित दुनिया की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी स्थापित की गई है। इस घड़ी और नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन 1 सितंबर (सोमवार) को किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक एप भी तैयार कराया है, जिसमें 189 भाषाओं को समाहित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने



भारतीय काल गणना की सबसे विश्वसनीय पद्धति का इस्तेमाल विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के रूप में उज्जैन में किया था। इस घड़ी का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 फरवरी 2024 को किया था। ब्रिटिश शासन में हमारे देश के 2 टाइम जोन थे- कोलकाता और दूसरा मुंबई। बाद में इंडियन स्टैंडर्ड टाइम बना, यानी एक देश का एक ही मानक समय। हमारा जीएमटी+5.30 है। मतलब ग्रीनविच मीन टाइम से 5.30 घंटे आगे। जीएमटी एक ऐसी यूनिट है, जिससे दुनिया के समय का आंकलन किया जाता है। ग्रीनविच इंग्लैंड का एक गांव है।

# पंजाब में 'जल तांडव' 1018 गांवों में बाढ़

## हिमाचल में भी जारी है कहर,रोकी गई मणिमहेश यात्रा



नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब के आठ जिलों में भारी बारिश के बाद 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। 11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। रावी नदी का जलस्तर बढ़ने से गुरदासपुर के घोनेवाले में धुस्सी बांध टूट गया। इसके चलते पानी करीब 15 किलोमीटर दूर अजनाला शहर तक पहुंच गया। बाढ़ की वजह से 80 गांव पानी में डूबे हैं। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के बदर गांव में शनिवार सुबह लैंडस्लाइड हुई। मलबे से अब तक 7 शव बरामद किए गए हैं। वहीं, रामबन के राजगढ़ में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। एक महिला लापता है। कटरा में वैष्णो देवी यात्रा 6 दिन से रुकी है। इधर, हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा रोकी गई है। इसमें अब तक 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है, 4 अभी भी लापता हैं और 7 अन्य घायल हो गए हैं। उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश से 18 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। अब तक 774 मकान बारिश में ढह चुके हैं। बलिया में गंगा किनारे तेजी से कटान हो रहा है। इसके चलते 24 घंटों में चक्की नौरंगा और भगवानपुर क्षेत्र के 24 मकान गंगा में समा गए। फर्रुखाबाद में गंगा नदी उफान पर है। 50 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। भुढ़िया भेड़ा में सड़क बाढ़ में बह गई। इसके बाद ग्रामीण नाव से आवागमन कर रहे थे, लेकिन बहाव के कारण दिक्कतें आ रही थीं।

# मनोज जरांगे का भूख हड़ताल तेज करने का ऐलान

- मराठा आरक्षण आंदोलनकारी ने कहा-पानी भी नहीं पिएंगे

मुंबई (एजेंसी)। मराठा आरक्षण के लिए मनोज जरांगे पाटिल ने आक्रामक रुख अपनाया है। वह ओबीसी कोटे से मराठा आरक्षण दिए जाने की मांग पर अड़े हैं। इसके लिए मराठों ने मुंबई के आजाद मैदान में एल्गार का आह्वान किया है। आज मनोज जरांगे पाटिल इस लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं और अब और भी आक्रामक हो गए हैं। गुरुवार से भूख हड़ताल शुरू हो गई है। रविवार को भूख हड़ताल का तीसरा दिन है। आज उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो भूख हड़ताल और भी कड़ा कर दिया जाएगा। जरांगे ने कहा है कि वह कल से पानी भी ग्रहण नहीं करेंगे।



# सैनिकों की वापसी से सीमा पर शांति आई: पीएम मोदी

## जिनपिंग बोले-ड्रैगन और हाथी साथ आएं यह बेहद जरूरी



बीजिंग (एजेंसी)। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 55 मिनट बातचीत हुई। मोदी ने बातचीत के दौरान कहा-पिछले साल कजान में हमारी बहुत उपयोगी चर्चा हुई थी, जिससे हमारे संबंध बेहतर हुए। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद, शांति और स्थिरता का माहौल बना है। सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों ने समझौता किया है। कैलाश मानसरोवर यात्रा दोबारा शुरू हो गई है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें भी फिर से शुरू हो रही हैं। मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। वहीं, मोदी ने ये भी कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा और यह पूरी मानवता के कल्याण का रास्ता खोलेगा। उन्होंने आपसी विश्वास, सम्मान के आधार पर रिश्तों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

### मोदी बोले-दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों को होगा फायदा

इससे पहले पीएम मोदी ने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार जताते हुए कहा, मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पिछले वर्ष कजान में हमारी बहुत ही सार्थक चर्चा हुई थी। हमारे संबंधों को एक सकारात्मक दिशा मिली। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद, शांति और स्थिरता का माहौल बना हुआ है। सीमा मुद्दे पर हमारे विशेष प्रतिनिधियों ने समझौता किया है। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हुई है। दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट भी फिर से शुरू की जा रही है। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि हमारे सहयोग से दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हुए हैं।

### जिनपिंग बोले- चीन और भारत दुश्मन नहीं, बल्कि दोस्त है

जिनपिंग ने पीएम मोदी के साथ हुई बातचीत में कहा कि चीन और भारत दुश्मन नहीं, बल्कि साझेदार हैं और दोनों देश एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं विकास के लिए अवसर हैं। जिनपिंग ने कहा कि जब तक दोनों देश अपने रिश्तों को सुधारने की दिशा में काम करते रहेंगे तब तक हम विकास करते रहेंगे। शी ने कहा कि चीन और भारत को अच्छे पड़ोसी और एक-दूसरे की सफलता में मदद करने वाले दोस्त बनना चाहिए।

# आत्म सुख को पाने का मार्ग है सहज योग



आत्मविनाशी यानि आत्मा को सुख न दे पाने वाले व्यवहार वे हैं जो हमें भावनात्मक, शारीरिक या मानसिक रूप से नुकसान पहुँचाते हैं। यह कभी कभार अंजाने में हो जाता है या हो सकता है कि आप ठीक-ठीक जानते हों कि आप क्या गलत कर रहे हैं, लेकिन कई इच्छायें इतनी प्रबल होती है कि उसे नियंत्रित नहीं किया जा सकता है यानि हम अपनी इच्छाओं के गुलाम हो जाते हैं।

बुरी आदतें जैसे रोज देर रात तक जागने की आदत के कारण स्ट्रेस बढ़ता है। इससे उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, डायबिटीज या डिप्रेशन जैसी समस्या की आशंका बढ़ सकती है। जरुरत से ज्यादा खाने से या फास्ट फूड अधिक खाने से मोटापा बढ़ता है। वजन ज्यादा होने पर शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी बढ़ता है, जिससे हृदय को नुकसान पहुंचता है। इन आदतों से बेबस व्यक्ति क्रोधी और चिड़चिड़ा भी हो जाता है जो हमारे अपने जीवन को त्रस्त कर देता है। नशे की आदत सबसे बड़ी गुलामी है।

दरअसल जब हम अपनी बुरी आदतों पर काबू पाने की कोशिश करते हैं तब हमारे दिमाग के कुछ हिस्से हमारे खिलाफ काम कर रहे होते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं, "ये आदतें हमारे दिमाग को कठोरता से जकड़े रखती हैं।" और मस्तिष्क का भाग उन चीज़ों के लिए तरसता रहता है जिसका विरोध करने की हम बहुत कोशिश कर रहे होते हैं।

पर हमेशा क्या हम अपनी बुरी आदतों का गुलाम बने रहेंगे? हमें इन बुराईयों से मुक्ति तो चाहिए ना! इस संबंध में हमारी परमपूज्य श्री माताजी ने दिनांक 26 अप्रेल 1993 के प्रवचन में हम सहज योगियों को यह निर्देशात्मक जिम्मेदारी दी है उन्होंने कहा कि, "हम नहीं कह सकते हैं कि कितने बचाये जायेंगे। क्या मनुष्य अपनी मूर्खता के कारण, अपनी विनाशकारी आदतों के कारण खो सकते हैं, जो उन्होंने बना ली है। लेकिन आपकी (सहज योगियों की) बहुत बड़ी जिम्मेदारी है ऐसा मत सोचो कि "मैं किसी काम के लिए अच्छा नहीं हूँ।" कभी नहीं, ऐसा कभी मत सोचो। आप सभी संत हैं और आप महान कार्य करने में सक्षम हैं।" महान कार्य यह है कि जो इंसान सहज योग से जुड़ा नहीं हैं उन्हें हम सहज योग बतायें। दरअसल ध्यान धारणा वो भी सहज योग पद्धति से जब हम करते हैं तो हमारी आत्मा जागृत होती है और हमारे सूक्ष्म शरीर की शक्तियां हममें सद्गुण जागृत करती हैं और आश्चर्यजनक बदलाव हममें आते हैं। हमारे हाथों से और सिर के तालु भाग से प्रवाहित होने वाला चैतन्य हमारे मस्तिष्क और विचारों को संतुलित करता है। तो क्यों न हम सहज योग को अपनायें। जीवन को सुंदर बनाने का सुंदर मार्ग है सहज योग। सहज योग सरल है और पूर्णतया निशुल्क भी। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने तथा सहजयोग के विषय में जानकारी प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें।

# राष्ट्रीय कार्यकारणी की घोषणा







**प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स संगठन के डिजीटल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सहित प्रदेश अध्यक्ष एवं संयोजकों की घोषणा हुई**

मुंबई।पत्रकार सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सैयद खालिद कैस एडवोकेट ने संगठन के डिजीटल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सहित प्रदेश अध्यक्ष एवं संयोजकों की घोषणा की। घोषणा अनुसार संगठन महासचिव श्रीमती शशि दीप मुंबई को पुनः डिजिटल मीडिया विभाग का राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत किया गया है।

डिजिटल मीडिया विभाग में राष्ट्रीय महासचिव पद पर डॉक्टर जाकिर शेख बैतूल मध्य प्रदेश,श्री सैयद रिजवान अली धार मध्यप्रदेश सहित श्री बाबूलाल नागा जयपुर राजस्थान को दायित्व सौंपा गया है। डिजिटल मीडिया विभाग में राष्ट्रीय सचिव श्री राजू असरानी मुम्बई,श्रीमती नीता सामंतराय ,सूरत गुजरात,श्री इकबाल अंसारी मुंबई महाराष्ट्र,श्री सुनील योगी देवास मध्य प्रदेश,श्री शाहाब मलिक भोपाल मध्य प्रदेश को मनोनीत किया गया है। डिजिटल मीडिया विभाग में तेलंगाना इकाई प्रदेश संयोजक श्री मोहम्मद शिराज करीम नगर तेलंगाना, पश्चिम बंगाल इकाई प्रदेश संयोजिका श्रीमती रवीना घोष कोलकाता वेस्ट बंगाल,श्रीमती भारती माखीजानी को गुजरात इकाई का प्रदेश संयोजक ,श्री आसिफ पी इकबाल को प्रदेश संयोजक आंध्र प्रदेश बनाया गया है। मध्य प्रदेश इकाई अध्यक्ष का दायित्व श्री सुनील योगी देवास मध्य प्रदेश को सौंपा गया है।

# मध्य प्रदेश एनजीओ महासंघ के तत्वावधान में पुनासा में भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदरणीय श्री रवि प्रताप बुंदेला जी (मालवा प्रांत प्रचारक) ने किया। श्री कैलाश पटेल जी, श्री मंजीत सिंह भाटिया रिंकू वीर जी,श्री चेतराम नायक जी गजराज राठौर जी, श्री रुपेश पवार जी श्री जयकिशन जाधव जी इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और घुमंतू जाति के हॉस्टल के बच्चे एवं युवा उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर में इंदौर से पधारी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श दिया। वहीं रक्तदान शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा की मिसाल पेश की।कार्यक्रम मे लगभग 500 से अधिक लोग ने भाग लिया एनजीओ महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और रक्तदान जैसी पुण्य परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

शिविर के अंत में रक्तदाताओं, डॉक्टरों और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघश्री शशि सातपुते, श्री श्रेयांश जैन, विकास पवार जी सुनील केवट दीपक नायक जी नर्मदा राठौर जी, रविंद्र जाधव बंजारा जी द्वारा सभी अतिथि का पुनः आभार व्यक्त किया गया।

# ट्रंप टैरिफ से कोविड स्टाइल में निपटेगी मोदी सरकार, फिर लागू हो सकती हैं लॉकडाउन वाली योजनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी का टैरिफ लागू कर दिया है। इस टैरिफ का सीधा असर भारतीय निर्यातकों और कामगारों पर पड़ने वाला है। वहीं टैरिफ से लाखों नौकरियों पर भी खतरा मंडरा रहा है। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम से बचने का रास्ता मोदी सरकार ने निकाल लिया है। कोविड लॉकडाउन के दौरान जिस तरह की योजनाएं लागू की गई थीं, कुछ उसी स्टाइल में सरकार लोगों को राहत देने की योजना बना रही है। इसके अलावा अमेरिका से अलग बाजार तलाशने और ग्लोबल सप्लाई चेन के एकीकरण के लिए लंबी अवधि की रणनीतियों पर काम किया जा रहा है।



एक रिपोर्ट के मुताबिक दो सीनियर अधिकारियों ने बताया कि सरकार सबसे पहले नकदी की समस्या का समाधान निकालने पर विचार कर रही है। वहीं निर्यात और रोजगार बचाने के लिए सरकार कोविड स्टाइल में योजनाएं चलाना चाहती है। ट्रंप के टैरिफ की वजह से कई तरह के दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। जैसे कि भुगतान में देरी, देर से सामान का पहुंचना, ऑर्डर रद्द होना। वहीं निर्यात को बरकरार रखने के लिए नई मार्केट की जरूरत है। जब तक नई मार्केट नहीं मिलती, निर्यातकों को ऑपरेशन जारी रखने के लिए राहत देना जरूरी है।

**सरकार कर सकती है राहत पैकेज का ऐलानः** अधिकारियों के मुताबिक सरकार ने कोरोना लॉकडाउन के दौरान जिस तरह के राहत पैकेज का ऐलान किया था, उसी तरह के राहत पैकेज का एक बार फिर ऐलान हो सकता है। उद्योगों में नकदी की समस्या, खास तौर पर लघु और मध्यम उद्योगों के लिए इस तरह की योजनाएं जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इमर्जेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) जैसी योजनाओं पर फोकस करना चाहती है जो कि 100 फीसदी गारंटी के साथ बिना जमानत के लोन उपलब्ध करवा सकें। इससे लाखों छोटे और मध्यम उद्योग दीवालिया होने से बच जाएंगे। लॉकडाउन के दौरान जब 68 दिनों के लिए औद्योगिक गतिविधियां ठप हो गई थीं, तब इसी योजना ने उद्योगों को बचा लिया था।

अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा समस्या और उसके समाधान को देखते हुए इन योजनाओं में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तत्काल राहत के साथ सरकार चरणबद्ध तरीके से भी योजनाएं लागू करेगी जिससे लंबी अवधि की रणनीति तैयार हो सके। नकदी उपलब्ध करवाने के साथ ही मौजूदा व्यापार समझौतों को मजबूत करने और नई मार्केट में अवसरों की तलाश का काम भी तेज होगा।

अधिकारियों ने कहा कि टैक्स से जुड़ी भी कई राहत देने पर सरकार विचार कर रही है। इसमें जीएसटी रिफॉर्म भी शामिल है। अगले सप्ताह होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में टैक्स घटाने से संबंधित कई फैसले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर मजबूती की वजह से भारत की अर्थव्यवस्था को खतरा नहीं है। टैरिफ जैसे बाहरी फैक्टर भारत की अर्थव्यवस्था को ज्यादा प्रभावित नहीं कर पाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि घरेलू उपभोग की वजह से अर्थव्यवस्ता लचीली है। निर्यात अर्थव्यवस्ता के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन यह भारत की जीडीपी 4.12 ट्रिलियन डॉलर का छोटा हिस्सा है। निर्यात का जीडीपी में योगदान केवल 10 फीसदी यानी 438 मिलियन डॉलर का ही है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मनाया ओणम, बोलीं- हर घर में शांति




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर ओणम पर्व मनाया। इस बीच सीएम ने ओणम मनाते हुए महिलाओं के एक समूह के साथ नृत्य भी किया। ओणम दस दिनों का एक भव्य उत्सव है जो राजा महाबली की पौराणिक वापसी और केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव कहा जाता है। इस वर्ष यह पर्व मंगलवार 26 अगस्त से शुक्रवार 5 सितंबर तक मनाया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में अपने इंटरनेट मीडिया के एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा, %ओणम सौहार्द, समृद्धि और कृतज्ञता का शाश्वत पर्व है। एक ऐसा अवसर जो हृदय को आनंद और एकता के बंधन में जोड़ता है। आज मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में ओणम उत्सव की उल्लासपूर्ण झलक देखने को मिली। सभी को ओणम की हार्दिक शुभकामनाएँ। यह पर्व हर घर में शांति, समृद्धि और सुख लेकर आए।% इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने केरल की सांस्कृतिक वेष-भूषा में आए कलाकारों का स्वागत करते हुए उनके साथ खुशियां बांटीं। साथ ही, मुख्यमंत्री के साथ पर्व मनाते हुए कलाकारों ने भी खुशी जाहिर की। इस दौरान पर्व की प्रमुखता के अनुसार, फूलों से सजे पुष्पकम बनाए गए थे। केरल की पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों के साथ नृत्य प्रदर्शन का आनंद लिया। अपने संबोधन में, रेखा गुप्ता ने कहा, %ओणम एकता और समृद्धि का प्रतीक है। दिल्ली में सभी संस्कृतियों का सम्मान हमारी ताकत है।% उन्होंने दिल्लीवासियों को ओणम की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया।

## मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर महापंचायत, 350 रुपये टोल टैक्स के विरोध में जुटीं दर्जनों ग्राम पंचायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर 350 रुपए टोल टैक्स से ग्रामीण परेशान हैं। बीते कई दिनों से इस टैक्स के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी है। कई ग्राम पंचायतों ने इस टोल टैक्स के विरोध में धरना देने की चेतावनी दी थी। इसी क्रम में रविवार को सुबह से ही टोल प्लाजा पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों यूईआर2 का उद्घाटन होने के बाद से ही ग्रामीण लगातार समाधान की मांग कर रहे हैं। मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा रविवार को महापंचायत की जा रही है। इस बीच टोल प्लाजा पर दो दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीण एकत्र हुए। इस बीच किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं, पुलिस ने जब महापंचायत को रोकने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने एक सुर में इसका विरोध किया। विरोध बढ़ता देख, पुलिस को पीछे हटना पड़ा। फिलहाल, शांतिपूर्वक टोल प्लाजा पर महापंचायत की जा रही है। मुंडका-बक्करवाला टोल फ्री संघर्ष समिति के बैनर तले आज सुबह से यूआर 2 स्थित टोल प्लाजा पर महापंचायत जारी है। पंचायत में बाहरी दिल्ली समेत दिल्ली देहात से काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हैं। हर गांव से आए प्रतिनिधि अपनी बातें रख रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है उन्हें यह टोल किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। हम ग्रामीणों की जमीन से गुजर रही यूईआर 2 से निकलने के लिए हम ग्रामीणों से ही टोल वसूला जा रहा है। यह हमारे साथ अन्याय है। यह टोल प्लाजा नहीं, यह लूट प्लाजा है। हम ग्रामीणों का टोल फ्री कराने तक संघर्ष जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि टोल के आसपास गांव में हम सभी लोगों का रोजाना सगे संबंधियों के यहां आना जाना लगा रहता है। क्या एक गांव से दूसरे गांव जाने केलिए भी हमसे टोल लेंगे।

## धनखड़ को अभी तक नहीं मिला सरकारी बंगला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस्तीफा देने के बाद अभी भी उपराष्ट्रपति के आधिकारिक आवास में ही रह रहे हैं। उन्हें अभी तक नया सरकारी बंगला नहीं मिला है। इसकी प्रक्रिया अभी भी जारी है। इस बीच खबर आ रही है कि वह जल्द ही दक्षिण दिल्ली के छतरपुर एनक्लेव स्थित निजी आवास में शिफ्ट हो सकते हैं। आपको बता दें कि धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया था। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद का चुनाव होना है और उससे पहले उन्हें संसद भवन परिसर के पास चर्च रोड स्थित उपराष्ट्रपति आवास खाली करना होगा।



धनखड़ पिछले वर्ष अप्रैल से उपराष्ट्रपति आवास में रह रहे थे। लेकिन अब तक उन्हें सरकारी आवास आवंटित नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को टाइप-8 बंगला दिया जाता है। इसका प्रबंधन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (डायरेक्टरेट ऑफ एस्टेट्स) करता है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय के अधिकारी धनखड़ से मिले थे, लेकिन अगले आवास को लेकर चर्चा आगे नहीं बढ़ पाई। ऐसे में धनखड़ ने अंतरिम व्यवस्था के रूप में छतरपुर एनक्लेव का निजी मकान चुना है। धनखड़ के दफ्तर ने मंत्रालय को औपचारिक अनुरोध भेज दिया है। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा, जब अनुरोध प्राप्त होता है तो उपलब्ध विकल्प पूर्व उपराष्ट्रपति को दिखाए जाते हैं। चयन के बाद सीपीडब्ल्यूडी जरूरी मरम्मत और संशोधन का काम शुरू करती है। इस पूरी प्रक्रिया में आमतौर पर कम से कम तीन महीने लग जाते हैं।

### पेंशन की प्रक्रिया शुरू

इस बीच, धनखड़ ने राजस्थान विधानसभा सचिवालय में पूर्व विधायक पेंशन के लिए भी आवेदन किया है। वह 1993 से 1998 तक किशनगढ़ से विधायक रहे थे। सूत्रों के अनुसार, सचिवालय ने उनकी फाइल पर प्रक्रिया शुरू कर दी है। धनखड़ को पहले बतौर विधायक 35,000 रुपये मासिक पेंशन मिलती थी। नियमों के मुताबिक 70 वर्ष से अधिक आयु होने पर पेंशन में 20% की वृद्धि की जाती है। इस तरह अब उन्हें लगभग 42,000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी।

## तियानजिन में पीएम से मिलने के बाद रो पड़ी चीनी महिला




**तियानजिन , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को चीन के तियानजिन शहर पहुंचे। वहां उनका भव्य स्वागत हुआ। पीएम मोदी की चीन यात्रा से चीनी लोग भी काफी उत्साहित दिखे। एक चीनी महिला, जिसके पति भारतीय हैं, ने पीएम मोदी से मिलने के बाद खुशी के कारण रो पड़ी। महिला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देखकर वह खुशी से अभिभूत हो गई। उसने कहा कि मुझे भारत से प्यार है... मुझे प्रधानमंत्री मोदी से प्यार है। बता दें कि तियानजिन के बिनहाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत के बाद प्रधानमंत्री मोदी होटल पहुंचे और वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम देखे। महिला ने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए यहां आकर बहुत खुश हैं। इनमें पारंपरिक कथक और ओडिसी नृत्य शामिल थे। ओडिसी नृत्यांगना झांग जिंगहुई ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए प्रदर्शन करने के सम्मान के बारे में बताया। उसने कहा कि मुझे थोड़ी घबराहट हुई, लेकिन यह मेरे और मेरी टीम के लिए बहुत सम्मान की बात है। मैंने 13 साल से अधिक समय तक ओडिसी सीखी है। हमने दो महीने तक इसका अभ्यास किया और प्रस्तुति दी।

## यूक्रेन जंग पर जयशंकर बोले- भारत को निशाना बनाना

**बिजिंग, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत हमेशा शांति और बातचीत की वकालत करता रहा है। उन्होंने एक्स पर लिखा- आज फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बात हुई। हमने यूक्रेन जंग और इसके असर पर बात की। इस मामले में भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हम बातचीत और डिप्लोमेसी के पक्ष में हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत पर रूसी तेल खरीद की वजह से 25 एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया है। ट्रम्प का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, जिस वजह से पुतिन को यूक्रेन जंग जारी रखने में मदद मिल रही है।

भारतीय विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पीएम मोदी एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे हैं। यहां वो चीनी एससीओ समिट से इतर पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन के दिसंबर में भारत दौरे के प्रोग्राम पर भी चर्चा होगी। चीन में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक एससीओ समिट की बैठक होने वाली है। इसमें 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल होंगे। इससे पहले पीएम मोदी ने जापान के अखबार से कहा कि भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध में निष्पक्ष और मानवीय रुख अपनाया है।

## इस्राइल उत्तरी गाजा में मदद भेजना बंद कर सकता है

### सैन्य आक्रमण बढ़ने के बीच इन विकल्पों पर मंथन

**येरूशलम, एजेंसी।**
इस्राइल जल्द ही उत्तरी गाजा में मानवीय सहायता को रोक देगा या उसे धीमा कर देगा। एक अधिकारी ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि इस्राइल ऐसा इसलिए कर सकता है, क्योंकि वह हमास के खिलाफ अपने सैन्य अभियान का विस्तार कर रहा है। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब एक दिन पहले ही गाजा सिटी को आधिकारिक रूप से युद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया है।

इस फैसले से इस्राइल सरकार की आलोचना और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि लगभग 23 महीने से जारी युद्ध में गाजा के लोगों और वहां बचे इस्राइली बंधकों की स्थिति को लेकर देश-विदेश में नाराजगी तेज हो रही है।

एक इस्राइली अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बात की। उन्होंने बताया कि इस्राइल आने वाले दिनों में गाजा सिटी पर हवाई हमले बंद कर देगा और सहायता ट्रकों की संख्या घटा दी जाएगी। इसके साथ ही लाखों लोगों को दक्षिणी गाजा की ओर ले जाने की तैयारी हो रही है।

इस्राइल ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को सहायता पहुंचाने के लिए दिन में लड़ाई रोक दी थी। इस्राइल ने गाजा सिटी को हमास का गढ़ बताते हुए दावा किया कि वहां अब भी भूमिगत सुरंगों का नेटवर्क सक्रिय है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगियों का कहना है कि इस्राइल की ये राहत व्यवस्था गाजा के लिए रोजाना जरूरी 600 ट्रकों की तुलना में बेहद कम है।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि शुक्रवार को गाजा में एक और बंधक के अवशेष मिले हैं। यह अवशेष इदान शितवी के हैं। कार्यालय के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इदान का नोवा संगीत समारोह से अपहरण कर लिया गया था। 250 से ज्यादा बंधकों में से अब 48 ही गाजा में बचे हैं। इस्राइल का मानना है कि इनमें से 20 जिंदा हैं। बंधकों के परिजनों को डर है कि सैन्य कार्रवाई बढ़ने से उनकी जान और खतरे में पड़ सकती है। शनिवार को उन्होंने एक बार फिर तेल अवीव में युद्धविराम की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

**बड़े पैमाने पर विस्थापन की आशंकाः** हाल के दिनों में, इस्राइली सेना ने गाजा सिटी के बाहरी इलाकों पर हमले तेज किए हैं, जहां हाल ही में वैश्विक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने अकाल की स्थिति घोषित की थी।



# ट्राईकोडर्मा खेती का सखा

## ट्राईकोडर्मा का उपयोग



- बीज उपचार हेतु 6 से 8 ग्राम ट्राईकोडर्मा प्रति किलोग्राम बीज में सूखा मिलाकर बुवाई करें।
- भूमि उपचार के लिए 1 किलोग्राम ट्राईकोडर्मा को 25 किलोग्राम गोबर खाद में मिलाकर हल्के पानी का छींटा देकर एक सप्ताह तक छाया में सुखाने के पश्चात बुवाई के पूर्व प्रति हैक्टेयर प्रयोग किया जाये।
- खड़ी फसल में रोग आने पर प्रथम सिंचाई के उपरान्त पौधों के चारों ओर ट्राईकोडर्मा पावडर को मिट्टी में गोबर खाद के साथ मिलाकर छिड़काव करके जमीन में मिला दें।

## सावधानियां

- ट्राईकोडर्मा क्षारीय मिट्टी में कम उपयोगी है।
- उपचारित बीज बोने के पहले सुनिश्चित कर लें कि मिट्टी में उचित आर्द्रता हो।
- यह एक जैविक उत्पाद है किन्तु खुले घावों, श्वसन तंत्र व आंखों के लिए हानिकारक है अत: इसके प्रयोग के समय सावधानी बरतें।



- इसके प्रयोग से पहले या बाद में किसी रसायनिक फफूंदनाशक का प्रयोग न किया जाये।
- ट्राईकोडर्मा फंफूद कल्चर को सीधी धूप व गर्मी से बचाकर छायादार स्थान में भंडारित करें तथा पावडर के पैकेट पर अंकित तिथि से पूर्व (एक वर्ष के अन्दर ही) उपयोग करें।



बर्तन में रखे तथा बीजों पर थोड़े से पानी की छींटे दें। अब बीजों में 6 से 8 ग्राम ट्राईकोडर्मा पाउडर प्रति किलो बीज की दर से मिलाकर अच्छी तरह से उलट-पलट दें। इस प्रकार इस पाउडर की बीजों के चारों ओर एक समान परत चिपक जायेगी। अब बीज की बुवाई कर दें।

## ट्राईकोडर्मा उत्पादन की देशी व सरल विधि

किसानों के स्तर पर ट्राईकोडर्मा को अधिक मात्रा में उत्पादन करने के लिए एक नई पद्धति विकसित हुई है इसके लिए सबसे पहले जमीन पर 3 मीटर लम्बे, 2 मीटर चौडे एवं 1.5 मीटर गहरे कच्चे गड्ढे बनाते हैं फिर इन गड्ढों में गोबर की खाद डालते हैं। गोबर की खाद पर 50 ग्राम ट्राईकोडर्मा पावडर डालकर गड्ढों को गेहूं का भूसा या धान की पुआल से ढक दें। समय-समय पर पानी का छिड़काव करते रहे जिससे समुचित नमी बनी रहे। 7 से 10 दिन बाद नई गोबर की खाद मिलाकर फावड़े से अच्छी तरह से मिला दें और फिर पुआल से ढंककर बराबर पानी का छिड़काव करते रहें। इस प्रकार लगभग 3 महीने में ट्राईकोडर्मा से उपचारित गोबर की सड़ी खाद तैयार हो जाती है। इस खाद के प्रयोग हम मिट्टी उपचार के लिये करते हैं। नये गड्ढे तैयार करने के लिए गड्ढों में गोबर की खाद डालने के बाद पहले से तैयार ट्राईकोडर्मा उपचारित खाद की कुछ मात्रा मिला देते है और भूसा से अच्छी तरह से ढंककर पानी का छिड़काव करते रहते है। इस प्रकार एक बार तैयार की गई खाद आगे भी बार-बार उपयोग में लाई जा सकती है। इस विधि से तैयार गोबर खाद बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है।

### मिट्टी का उपचार

ट्राईकोडर्मा पावडर 2.5 किलोग्राम को 75 किलोग्राम कम्पोस्ट अथवा गोबर की खाद में मिलाकर बुवाई पूर्व अन्तिम जुताई से पहले खेत की मिट्टी में अच्छी तरह से मिला दें तत्पश्चात बुवाई करें।

### कीरोन पोलार्ड का जश्न 24 घंटे भी नहीं चला

# एक ही दिन में आगे निकल गए इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स



**तरौबा, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग के दौरान कीरोन पोलार्ड ने टी20 क्रिकेट में अपने 14000 रन पूरे किए। अब एक दिन बाद ही इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स के भी टी20 में 14 हजार रन हो गए हैं। हेल्स भी इसी लीग में खेल रहे हैं और पोलार्ड की टीम त्रिबानगो नाइट राइडर्स का ही हिस्सा हैं। हेल्स ने गुयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ हुए मुकाबले में 74 रनों की पारी खेली। इसी पारी के दौरान उनके 14 हजार रन पूरे हो गए।

**हेल्स 14 हजार रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज**

एलेक्स हेल्स टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे और इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। हेल्स और पोलार्ड से पहले वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम इस फॉर्मेट में 14000 रन थे। 36 साल के हेल्स ने 2009 में टी20 डेब्यू किया था। अभी तक 505 पारियों में उन्होंने 30 की औसत से 14024 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 7 शतक और 89 अर्धशतक निकले। टी20 में उनका स्ट्राइक रेट 145.44 का है। हेल्स सबसे ज्यादा टी20 रन बनाने वाले एक्टिव बल्लेबाज भी बन गए हैं।

**रनों में पोलार्ड से आगे निकले हेल्स**

एलेक्स हेल्स टी20 में रन बनाने के मामले में कीरोन पोलार्ड से आगे निकल गए हैं। पोलार्ड पोलार्ड ने गुनाया के खिलाफ मैच में 12 रन बनाए। इस तरह उनके इस फॉर्मेट में 14012 रन हैं। वहीं हेल्स के 14024 रन हो गए हैं। क्रिस गेल के सबसे ज्यादा 14562 रन हैं। गेल ने 2022 के बाद टी20 नहीं खेला है। ऐसे में पोलार्ड और हेल्स दोनों के पास ही टॉप पर जाने का मौका है।

## मैग्नस कार्लसन 8 महीने पहले जिस कारण मुकाबले से हुए बाहर, FIDE ने उस नियम में किया बदलाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शतरंज की नियम बनाने वाली 101 साल पुरानी संस्था इंटरनेशनल चेस फेडरेशन, फिडे ने अपने ड्रेस कोड में ढील दी है। उसने खिलाड़ियों को आगामी ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस टूर्नामेंटों में उपयुक्त जींस पहनने की अनुमति दी है। फिडे का यह कदम मैग्नस कार्लसन के 'जींस पहनने' विवाद के आठ महीने बाद आया है। मौजूदा पीढ़ी के शतरंज के सबसे महान खिलाड़ी कार्लसन ने जींस पहनने के लिए जुर्माना लगने के बाद फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप को बीच में ही छोड़ दिया था। कार्लसन ने कहा था कि उन्होंने सिद्धांत के आधार पर इस टूर्नामेंट को छोड़ दिया था। उन्होंने बाद में उस विशेष जींस को ईबे पर एक ऑनलाइन नीलामी में 31 लाख रुपये (36,100) में बेच दिया।

**ड्रेस कोड में बदलाव:** ड्रेस कोड में बदलाव के बाद भी कार्लसन के उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले ग्रैंड स्विस इवेंट में खेलने की संभावना नहीं है, लेकिन शुक्रवार (29 अगस्त) को प्रकाशित संशोधित फिडे नियमों का मतलब है कि अन्य खिलाड़ियों को तीन रंगों नीले, काले और भूरे रंग की नॉन-डिस्ट्रेस्ड जींस पहनकर खेलने की अनुमति होगी।

**जींस पहनने की अनुमति:** फिडे के एक बयान में कहा गया है, आधिकारिक ड्रेस कोड के तहत अब उपयुक्त जींस पहनने की अनुमति है। यह बदलाव खिलाड़ियों को ज्यादा आराम और अपनी पसंद चुनने की आजादी देता है।

**विश्वनाथन आनंद ने बताया नियमों में बदलाव की वजह:** फिडे के उपाध्यक्ष और पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने शनिवार को बताया कि शतरंज संस्था ने कई खिलाड़ियों से सलाह-मशविरा करने के बाद यह फैसला लिया।

# अक्षर पटेल से छिनेगी दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी!

### इन प्लेयर्स में किसी को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में बदलावों का दौर चल रहा है। ट्रेड विंडो के तहत कई तरह की बातचीत और कुछ बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं अब दिल्ली कैपिटल्स में अक्षर पटेल को कप्तानी से हटाने की खबरें सामने आई हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2026 से पहले एक नए कप्तान पर विचार कर रही है। इससे टीम में केएल राहुल या फाफ डु प्लेसिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए भूमिका खुल जाती है। फिलहाल फ्रैंचाइजी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



डीसी कप्तानी के लिए 3 सर्वश्रेष्ठ दावेदार

**फाफ डु प्लेसिस:** फाफ डु प्लेसिस का नाम इस भूमिका के लिए दूसरे सबसे अच्छे उम्मीदवार के रूप में सामने आता है। दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने अपनी राष्ट्रीय टीम के अलावा दुनिया भर की विभिन्न लीगों में कई फ्रैंचाइजी का नेतृत्व किया है। अनुभव की बात करें तो डु प्लेसिस के पास इसकी कोई कमी नहीं है और वह टीम को इतिहास के अब तक के सर्वश्रेष्ठ सीजन तक ले जा सकते हैं।

**केएल राहुल:** भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल टीम के सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से एक हैं। आईपीएल 2025 में वह उनकी बल्लेबाजी का अहम हिस्सा थे। टीम में राहुल के महत्व और फ्रैंचाइजी तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव होने के कारण, यह भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उनके लिए सबसे अच्छा विकल्प लग रहा है।

**ट्रिस्टन स्टब्स:** दक्षिण अफ्रीकी युवा खिलाड़ी आईपीएल 2025 के दौरान दिल्ली कैपिटल्स टीम के सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों में से एक थे। ट्रिस्टन स्टब्स कैपिटल्स के लिए एक दीर्घकालिक निवेश प्रतीत होते हैं। आगे चलकर कैपिटल्स उन्हें एक लीडर के रूप में प्रोजेक्ट कर सकते हैं और उनके इर्द-गिर्द टीम बना सकते हैं।

# थाना सराफा में त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न




इंदौर। थाना सराफा में थाना प्रभारी श्री सुरेंद्र सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों – तेजा दशमी, ढोल ग्यारस एवं ईद मिलादुन्नबी – को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर सुरक्षा समिति के सदस्य एवं आयोजकगण उपस्थित रहे। इस दौरान त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। थाना प्रभारी रघुवंशी ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से भी सुझाव लेकर आपसी सहयोग एवं समन्वय से त्योहारों के आयोजन का आह्वान किया।



## राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच ने दीपाली निर्वान को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया

इंदौर निवासी दीपाली निर्वान को राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच का प्रदेश महामंत्री (मध्यप्रदेश) नियुक्त किया गया है।

# मीणा समाज का नवनियुक्त पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान इंदौर में संपन्न




**महू-इंदौर- मध्य प्रदेश मीणा समाज के उपाध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया मध्य प्रदेश मीणा समाज अध्यक्ष रामनिवास मीणा ने जो जिम्मेदारी सोंपी है इस कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।**

इसी कड़ी में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण टी टी के नेतृत्व में मीणा समाज के नवनियुक्त पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान इंदौर में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मीणा समाज के आराध्य देव भगवान मीनेष के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया इस अवसर पर मुख्य रूप से मीणा समाज महामंत्री और जिला अध्यक्ष सत्यनारायण टी टी, प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत, प्रदेश सह मंत्री भारत मीणा,जिला अध्यक्ष धार दिलीप कामदार, जिला युवा अध्यक्ष इंदौर नवीन मीणा का आत्मीय स्वागत हुआ। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रमेश धनावत, संतोष मीणा, रतन मीणा, महिला जिला अध्यक्ष दीपा प्रकाश मीणा, उमरावसिंह धनावत, अशोक सेठ,पवन मीणा, नरेंद्र मीणा, डॉ अजय धनावत, संतोष भोंडा, कमल मुकाती, महेश कामदार, दुर्गाप्रसाद मीणा, कोमलसिंह मीणा, पत्रकार अजय बारवाल, सुभाष मीणा,जितेंद्र मीणा, अरुण टाटू, विवेक मीणा, नारायण मीणा, मुकुल मीणा, विकास मीणा, ज्योति मीणा, वर्षा मीणा, रेखा मीणा, सुभद्रा मीणा, श्यामू मीणा, राम मीणा, चेतन मीना, मनोज मीणा, रिंकू मीणा, दिनेश मीणा, नितिन मीणा, महेंद्र मीणा, केशव मीणा, हरि मीणा, दिनेशचंद्र मीणा, अभिषेक मीणा इत्यादि सैकड़ो मीणाजन उपस्थित रहे।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स